# राजेंद्र विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय का 46वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को टेल्को स्थित सुमंत मुलगावकर स्टेडियम में किया गया. इसमें ब्लू हाउस (147 अंक) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. वहीं येलो हाउस की टीम 120 अंक के साथ उपविजेता बनी. येलो हाउस को ही बेस्ट मार्चपास्ट के खिताब से नवाजा गया. सीनियर वर्ग बालक वर्ग में शानू अभिषेक व सीनियर बालिका वर्ग में सिद्धि कुमारी को बेस्ट एथलीट के खिताब से नवाजा गया. वहीं जूनियर बालक वर्ग में सात्विक मैती व जूनियर बालिका वर्ग में अनंदिता को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया. इससे पहले प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी फिरोज खान ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया. धन्यवाद ज्ञापन स्कूल की प्राचार्या राखी बनर्जी ने किया.

जमशेदपुर, शुक्रवार
01.02.2019
प्रभात खबर

# ब्लू हाउस ओवरऑल चैंपियन एवं येलो हाउस उपविजेता बने

## राजेन्द्र विदयालय की सालाना खेलकूद प्रतियोगिता



**जमशेदपुर, 31जनवरी ( रिपोर्टर ) :** राजेन्द्र विदयालय, साकची का 46वां सालाना खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को सुमंत मुलगावकर स्टेडियम टेल्को में किया गया। जिसमें जूनियर कैटेगरी के बालक वर्ग में सात्विक मैथी, बालिका वर्ग में अंदीता, सीनियर श्रेणी में सानू अभिशेक, बालिकाओं में सिद्धि कुमारी फर्राटा धावक बनने का गौरव हासिल किया। हाउसवाइज ग्रुप में 147 अंको के साथ ब्लू पहले, येलो दूसरे, रेड तीसरे व ग्रीन हाउस चौथे स्थान पर रही। वहीं मार्च पास्ट में येलो हाउस एवं ओवऑल चैंपियन का खिताब ब्लू हाउस ने अपने नाम किया। मुख्य अतिथि टाटा स्टील खेल विभाग के सीनियर मैनेजर फिरोज खान ने रंग बिरंगी बैलून को उन्मुक्त गगन में छोड़कर किया। स्कूली छात्रों द्वारा मार्च पास्ट, बैंड बाजे की धुन व आकर्शक ड्रील की प्रस्तुति दी गई। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किये गये। मौके पर प्राचार्या सखी. बनर्जी, खेल शिक्षक लल्लन प्रसाद राय, रमाकांत सिंह समेत अन्य स्कूल स्टाफ ने सकीय भूमिका का निर्वाहन किया।

जमशेदपुर, चमकता आईना, शुक्रवार 1 फरवरी 2019

# सिद्धि व सानू बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट

जागरण संवाददाता, जमशेदपुर : सानू अभिषेक व सिद्धि कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राजेंद्र विद्यालय के तत्वावधान में टेल्को स्थित सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में संपन्न हुई वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब अपने नाम कर लिया। जूनियर वर्ग में सात्विक मैती व आनंदिता अव्वल रहीं। 147 अंक हासिल करने वाली ब्लू हाउस पहले स्थान पर तथा 120 अंक हासिल करने वाली येलो हाउस की टीम दूसरे स्थान पर रही। रेड हाउस तीसरे व ग्रीन हाउस चौथे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि फिरोज खान ने किया।



सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में राजेंद्र विद्यालय के वार्षिक खेलकूद समारोह के विजेताओं के साथ अतिथि • जागरण

जमशेदपुर, 1 फरवरी 2019 दैनिक जागरण

देशरत्न को श्रद्धांजलि देकर उनके कार्यों को किया गया याद, लिया उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प

# याद किए गए देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

शहर में सोमवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। देशरत्न को श्रद्धांजलि देकर उनके कार्यों को याद किया गया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

**डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट :** डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल ट्रस्ट के सदस्यों ने राजेंद्र भवन गोलमुरी में उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। ट्रस्ट के अनूप रंजन ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद के सादगीपूर्ण जीवन से बच्चों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उज्ज्वल कुमार, शंभू दयाल, आलोक कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, आरबी शरण, श्याम बिहारी लाल, विक्रांत शेखर, सुरेश प्रसाद श्रीवास्तव, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, कमल श्रीवास्तव ने माल्यार्पण किया।

**सोनारी चित्रगुप्त समिति :** चित्रगुप्त समिति ने चित्रगुप्त भवन सोनारी में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई। अजय श्रीवास्तव एवं संजीव सिन्हा ने जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर झारखंड प्रदेश कायस्थ महासभा के महामंत्री अजय श्रीवास्तव, समिति के अध्यक्ष श्याम बिहारी लाल, संजीव सिन्हा, शशांक शेखर, बीपी श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिन्हा, गुप्तेश्वर प्रसाद, रजनीश वर्मा, मिथिलेश श्रीवास्तव, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, ठाकुर गौतम सिन्हा, नरेंद्र कुमार प्रसाद मौजूद थे।



राजेन्द्र विद्यालय में सोमवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि देते अतिथि। • हिन्दुस्तान

**राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर बच्चों ने लिखा निबंध :** ऑल झारखंड वूमेन एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को टूइलाडुंगरी कम्यूनिटी सेंटर में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर निबंध लेखन स्पर्धा हुई। डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर आधारित निबंध लेखम स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों संगोष्ठी में

हिन्दुस्तान जमशेदपुर • मंगलवार • 04 दिसंबर 2018 •

श्रद्धांजलि

देश के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित

# डॉ राजेंद्र प्रसाद के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प



**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय के सभागार में सोमवार को राजेंद्र जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में झारखंड तकनीकी विवि के कुलपति प्रो डॉ गोपाल पाठक बतौर मुख्य अतिथि थे. बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह ने स्वागत भाषण दिया. विद्यालय की प्रधानाचार्य राखी बनर्जी ने विद्यालय की विकास यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया. इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं की ओर से नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी. कार्यक्रम के अंत में महासचिव सीपीएन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया.

प्रभात खबर 04.12.2018

400 TAKE PART IN NUMBER GAMES, MUSIC CONTEST

# Versatile students rock fest


OUR CORRESPONDENT

**Jamshedpur:** From solving math puzzles to showcasing their artistic skills, brains and creativity took centre stage as students of 19 schools spent a fun-filled day on Wednesday trying to outwit each other.

Ecstasy, an inter-school fest organised by DAV Public School, Bistupur, tested the oratory skills, debating prowess, singing and dancing competence and number-crunching abilities of students from across the city.

For a change, more than 400 students took a break from books and participated in the daylong fest organised on the school premises.

Ecstasy, which is being held for the last five years, also organised a qawwali competition for the participating students.



**REFINED RHYTHM:** **Students perform at DAV Public School in Bistupur, Jamshedpur, on Wednesday.** (Bhola Prasad)

Some of the cradles which participated were Little Flower School, Rajendra Vidyalaya, Kerala Samajam Model School, Motilal Nehru Public School, Narbheram Hansraj English School, Jamshedpur Public School, SDSM School of Excellence, Mount Litera Zee School, DAV Public School NIT, among others.

In all, 10 events — photography, band performance, group dance, science quiz, India quiz, math quiz, canvas painting, video editing, computer coding and treasure hunt – were organised at the fest.

"The host school did not participate at the event. We just played the role of bringing other schools together on a common platform" said class XII student Rahul Shaw.

Little Flower School won the overall trophy followed by Rajendra Vidyalaya.

"Ecstasy was about fun and learning. It was a beautiful amalgamation of art, culture and science. I also liked the way the event was managed," said Harsh Verma, a class XII student of Kerala Samajam Model School.

The Telegraph THURSDAY 1 NOVEMBER 2018

### एनएमएल में प्रो. मेघनाद साहा स्मारक व्याख्यानमाला में डॉ शंकर पाल बोले-

# डेटा टेक्नोलॉजी का युग है, छात्र को वही विषय चुनना चाहिए जो पसंद हो

सिटी रिपोर्टर • जमशेदपुर

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज, झारखंड चैप्टर और राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला के संयुक्त तत्वावधान में एनएमएल सभागार में शुक्रवार को प्रो. मेघनाद साहा स्मारक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता के पूर्व निदेशक सह पद्मश्री डॉ. शंकर पॉल मौजूद थे।

समारोह में स्वागत भाषण देते हुए एनएमएल के निदेशक डॉ. इन्द्रनील चट्टोराज ने कहा कि विज्ञान और समाज आयन भारत के मानकों के उत्थान में प्रो. मेघनाद साहा की भूमिका महत्वपूर्ण रही। नासी झारखंड चैप्टर के अध्यक्ष डॉ अरविंद सिन्हा ने कहा कि विज्ञान की महत्ता और इससे जीवन में परिवर्तन को जनता तक पहुंचाने का काम संस्थान कर रही है। मुख्य वक्ता डॉ. शंकर पॉल ने डाटा साइंस को मशीन इंटेलिजेंस के विकास और चुनौतियों पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि यह डेटा टेक्नोलॉजी का युग है। यह एक क्रांति है। इसमें भूमिका मजबूत करना है।

**विज्ञान की महत्ता से लोगों को अवगत कराने का काम संस्थान कर रही है**



एनएमएल सभागार में मंच वैज्ञानिक के साथ विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी व अन्य।

## विजेताओं को मिला पुरस्कार

इस कार्यक्रम में एनटीटीएफ व सरकारी कॉलेज के 250 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान नासी द्वारा राजेन्द्र विद्यालय में आयोजित इंटर स्कूल विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें लिटिल फ्लॉवर स्कूल, जमशेदपुर को प्रथम, कार्मेल जूनियर कॉलेज को द्वितीय और सेंट जेवियर्स स्कूल, चाईबासा को तृतीय पुरस्कर मिला। समारोह में राजेंद्र विद्यालय की प्रिंसिपल राखी बनर्जी को सम्मानित किया गया।

## देश में डेटा एनालिस्ट की कमी बड़ी चुनौती

आज सब कुछ डिजिटल आंकड़ों के रूप में मौजूद है। यूं कहें कि बिना इसके आज तरक्की की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए आज सबसे बड़ी जरूरत डाटा एनालिस्ट की है। यह बातें शुक्रवार को एनएमएल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भारतीय सांख्यिकी संस्थान, कोलकाता के पूर्व निदेशक पद्मश्री डॉ. शंकर पाल ने कहीं। उन्होंने कहा कि आज हमें 200000 डाटा एनालिस्ट की जरूरत है। जो आंकड़ों का विश्लेषण कर सकें और उस हिसाब से योजनाएं तैयार कर लागू की जा सकें। लेकिन जरूरत से बहुत कम ही डाटा एनालिस्ट हैं। यह चिंता का विषय है। आज जिन चीजों का बोलबाला है। सोशल मीडिया, डीबीटीएल, आर्थिक योजना, नदी प्रबंधन सहित करीब-करीब सब कुछ आंकड़ों से जुड़े हैं।

99 दैनिक भास्कर

# राजेंद्र विद्‌यालय में ग्रैंड पैरेंट्स डे आयोजित



**जमशेदपुर :** राजेंद्र विद्‌यालय के प्रेक्षागृह में ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में केजी से कक्षा दूसरी तक के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी. इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार एसोसिएशन के सचिव सीपीएन सिंह, विद्‌यालय प्रबंध समिति के सचिव विवेकानंद एवं प्रधानाचार्य सी बनर्जी ने दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर श्रीमति बनर्जी ने कम समय में हुए बेहतरिन कार्यक्रमों की तैयारी की भूर-भूरी प्रशंसा की. जीवन में दादा-दादी के संबंध में प्रकाश डाला. इसका संचालन प्राईमरी को-ऑर्डिनेटर रेणुका रानी सिंह, खुशबू ठाकुर ने किया.

जमशेदपुर, चमकता आईना, रविवार 4 नवंबर 2018

## शहर के 19 स्कूलों के 416 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

# डीएवी के एकस्टेसी में एलएफएस बना चैंपियन





**वरीय संवाददाता** ▷ जमशेदपुर

**डीएवी** बिष्टुपुर स्कूल में इंटर स्कूल फेस्ट एकस्टेसी का आयोजन बुधवार को किया गया. इसमें शहर के 19 स्कूलों के 416 प्रतिभागियों ने भाग लिया. इसमें कुल बारह प्रतियोगिताएं हुईं. प्रतियोगिता का ओवर ऑल चैंपियन लिटिल फ्लावर स्कूल (एलएफएस) टेल्को की टीम रही. राजेंद्र विद्यालय की टीम उप विजेता रही. इसमें कलाकारों ने अपनी मनमोहक कव्वाली से दर्शकों को घंटों बांधे रखा. मुख्य अतिथि डॉ आर भरत रहे. कार्यक्रम में प्राचार्या प्रज्ञा सिंह मौजूद रहीं. डॉ आर भरत ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी हार से निराश नहीं होना चाहिये. प्रत्येक प्रतियोगिता में हार जीत निश्चित है. हमें अपनी हार से कुछ सीखने का प्रयास करना चाहिए. प्राचार्या प्रज्ञा सिंह ने भारतीय कला-संस्कृति, सभ्यता के महत्व के बारे में बताया. कार्यक्रम में जहां एक ओर कव्वाली आकर्षण का केंद्र रही. वहीं, दूसरी ओर बैंड पर दर्शक झूम उठे. ट्रेजर हंट में दिमागी कसरत देखने को मिली. शास्त्रीय नृत्य एवं पाश्चात्य नृत्य का बेहतरीन नमूना देखने को मिला.

**एकसटेसी के विजेता और उप विजेता**

| प्रतियोगिता का नाम | विजेता | उप विजेता |
|---|---|---|
| 1. प्रोटो पंक | केएसएमएस गोलमुरी | आरवीएस एकेडमी मानगो |
| 2. पाकिजा | राजेंद्र विद्यालय साकची | एमएनपीएस बिष्टुपुर |
| 3. बॉप टिल यू ड्रॉप | एलएफएस टेल्को | एमएनपीएस बिष्टुपुर |
| 4. शटर शॉट | जेपीएस बारीडीह | जुस्को साउथ पार्क |
| 5. मिडास टच | राजेंद्र विद्यालय | एलएफएस |
| 6. टेक रडार | एलएफएस | नरभेराम हंसराज स्कूल बिष्टुपुर |
| 7. ओस्कूरा रेविलियो | जेपीएस | नरभेराम हंसराज |
| 8. इंडिका | एलएफएस | एसडीएसएम |
| 9. ओमेगा | राजेंद्र विद्यालय | एलएफएस |
| 10. रोबो फीफा | डीएवी एनआइटी | एमएनपीएस |
| 11. द फाइनल कट | आरवीएस एकेडमी | सेंट्रल पब्लिक स्कूल आदित्यपुर |
| 12. टू इनफिनिटी एंड बियांड | एलएफएस | डीएवी एनआइटी |

जमशेदपुर, गुरुवार
1.11.2018
प्रभात खबर




राखी बनर्जी
प्रिंसिपल, राजेंद्र विद्यालय

प्रभात खब

लाइफ जमशेदपुर | जमशेदपुर, शनिवार 06.10.2018 | 20-21

# गुरु सम्मा

## STUDENTS PRESENT CREATIVE IDEAS AT EXHIBITION

# Fun with science on campus

OUR CORRESPONDENT

**Jamshedpur:** From treating cancer through a mobile application to developing an alarm system for homes, the first edition of science exhibition-cum-contest organised by National Academy of Sciences, India (Jharkhand chapter), in collaboration with CSIR-National Metallurgical Laboratory (NML) was a pot of blooming ideas.

Over 125 students from 21 schools across the state, including 19 from Jamshedpur, took part in the exhibition held at Rajendra Vidyalaya in Sakchi. The exhibition is a part of the month-long celebrations to observe the 125th birth anniversary of astrophysicist Meghnad Saha on October 6.

Students took part in three parallel events — poster competition, PowerPoint presentation and model-making on themes like keep your environment clean, healthcare management and latest technology of tomorrow.

Some of the schools that took part are Sacred Heart Convent School, Loyola School, Baldwin Farm Area High School, Srikrishna School-Deoghar and St Xavier's School-Chaibasa.



**SMART MINDS:** Students at the science exhibition at Rajendra Vidyalaya in Jamshedpur on Saturday. (Bhola Prasad)

In the model-making section, Class VIII students of Rajendra Vidyalaya developed a house alarm system, which can be controlled from anywhere across the world. The system function with the help of infrared sensor and dual tone multi frequency (DTMF) technology.

"You just need to call on your old phone that is connected to the alarm system. Using the DTMF technology one can call on the number, which will automatically switch on the alarm system. The system will then send an alarm text message to the owner of the house as well to the nearby police station. Interestingly, the whole system is soundless so the thief will be unaware of the entire operation and can be easily nabbed," explained Shiven Sharma, a Class VIII student of Rajendra Vidyalaya.

On the other hand, schoolchildren also showcased PowerPoint presentations on various topics assigned to them. Nidhi Agarwal, a Class XI student of Sacred Heart Convent School presented an idea on how mobile applications can reduce the cost of cancer treatment and how robots can help in scanning and analysing medical reports.

Somesh Ghosh, a Class IX student of Baldwin Farm Area High School in Kadma, presented the idea of how mobile applications can make farming hassle-free. "I really want to develop an application on agriculture to help our farmers. This is just an idea and I wish to develop it someday," said Somesh.

Students also took part in a poster-making competition highlighting topics like environmental conservation and science of tomorrow.

The prize distribution ceremony will be held at CSIR-NML Jamshedpur on October 5. Prizes will be given away by Padmashri Sankar Kumar Pal, former director of Indian Statistical Institute, Calcutta.

The Telegraph | SUNDAY 16 SEPTEMBER 2018

प्रभात - खबर



## राजेंद्र विद्यालय में एनएमएल के सहयोग से लगी राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

# एलएफएस की टीम बनी विजेता

लाइफ रिपोर्टर @जमशेदपुर

- नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस की तरफ से आयोजित की गयी प्रतियोगिता
- 22 स्कूलों की टीम ने लिया हिस्सा

नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस की ओर से सीएसआइआर-एनएमएल व राजेंद्र विद्यालय के सहयोग से शनिवार को प्रथम प्रो मेघनाद साहा मेमोरियल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. राजेंद्र विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी का विजेता लिटिल फ्लॉवर स्कूल को चुना गया. कारमेल जूनियर कॉलेज को प्रथम उपविजेता व सेंट जेवियर स्कूल चाईबासा को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया. विजेता टीम को 5000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा. प्रथम उपविजेता को 3000 व द्वितीय उपविजेता को 2000 रुपये का नकद मिलेंगे. उद्घाटन एनएमएल के चीफ साइंटिस्ट व नासी झारखंड स्टेट चैप्टर के चेयरमैन डॉ अरविंद सिन्हा ने किया. उन्होंने एकेडमी की गतिविधियों, इसकी भूमिका व उद्देश्यों की जानकारी दी. एनएमएल के पूर्व चीफ साइंटिस्ट डॉ एनजी गोस्वामी ने विद्यार्थियों को प्रो मेघनाद साहा के जीवन के बारे में बताया. विभिन्न मॉडल, पोस्टर व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के लिए निर्णायकों की भूमिका डॉ एनजी गोस्वामी के नेतृत्व में एनएमएल के पांच वैज्ञानिकों की टीम ने निभायी. इसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाली दस टीमों के मॉडल को एनएमएल में 28 सितंबर को होनेवाले विज्ञाने भारती कार्यक्रम में प्रदर्शित किया जायेगा. विज्ञान प्रदर्शनी महान भारतीय भौतिकीविद व नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष मेघनाद साहा की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में किया गया. इसमें शहर व आसपास के 22 स्कूलों के 110 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने तीन विषयों पर साइंटिफिक मॉडल, पोस्टर व पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति दी. जमशेदपुर के अलावा चाईबासा, देवघर, चांडिल से आये प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए निर्धारित तीन विषयों में हेल्थ मैनेजमेंट, इन्वायरमेंट व टेक्नोलॉजी फोर द फ्यूचर रहे.





### बोधगया में रीजनल मीट, हुआ फैसला

# सीआइएससीइ बोर्ड में आठवीं तक शारीरिक शिक्षा व योगा अनिवार्य



बोधगया में रीजनल मीट के दौरान स्कूलों के प्रिंसिपल.

**वरीय संवाददाता** ▷ जमशेदपुर

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीइ) के स्कूलों में अब आठवीं तक बच्चों के लिए परफॉर्मिंग आर्ट, फिजिकल एजुकेशन और योगा की पढ़ाई अनिवार्य की जायेगी. अब तक ये तीनों विषय वैकल्पिक होते थे. पर अब बच्चों को इन तीनों विषयों में पास करना अनिवार्य होगा. साथ ही इस साल से सीआइएससीइ बोर्ड के सभी स्कूलों में 11वीं और 12 वीं में मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई होगी. यह वैकल्पिक विषय होगा. बोधगया में बिहार-झारखंड के सीआइएससीइ बोर्ड के स्कूलों के प्राचार्यों की रीजनल मीट में इसकी घोषणा की गयी. बोर्ड की असिस्टेंट सेक्रेट्री संगीता भाटिया ने इससे संबंधित घोषणा की. इस रीजनल मीट में जमशेदपुर के करीब 30 प्रिंसिपल शामिल हुए.

**मार्किंग स्कीम में छेड़छाड़ नहीं** : रीजनल मीट में सभी प्राचार्य को बताया गया कि बोर्ड की ओर से तय मार्किंग स्कीम में किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए. परीक्षा के बाद अलग-अलग शहरों के विषयवार को-ऑर्डिनेटर • बाकी पेज 15 पर

### परफॉर्मिंग आर्ट भी अब नहीं रहेगा वैकल्पिक विषय

- तीनों विषयों में पास करना होगा अनिवार्य
- 2019 से 11वीं और 12 वीं में मास कम्यूनिकेशन की सभी स्कूलों में होगी पढ़ाई, वैकल्पिक विषय होगा

**और क्या-क्या**

- नौवीं और 11वीं की परीक्षा का पेपर बोर्ड के स्तर से भेजने का निर्णय 2020 तक स्थगित, स्कूल अपने स्तर से लेगा परीक्षा
- **कॉपियों की जांच करने के लिए परीक्षक के चयन की प्रक्रिया 2019 से बदलेगी, बोर्ड तय करेगा परीक्षकों के नाम**
- परीक्षक तय मार्किंग स्कीम से अलग नहीं जांच सकेंगे कॉपी

प्रभात खबर
जमशेदपुर, रविवार
2.09.2018

## OVER 400 STUDENTS FROM 40 CRADLES TAKE PART

# Quiz crown for Loyola School

OUR CORRESPONDENT




**ONE FOR THE ALBUM:** Winners of the quiz pose with their trophies at Rajendra Vidyalaya in Sakchi, Jamshedpur, on Wednesday. Picture by Bhola Prasad

**Jamshedpur:** Did you know the Philippines has two national flags — one when the country is in a state of war and another when the country is peaceful?

Were you aware of the fact that Nur Surya Binte Mohamed Ambiah is the only non-celebrity to have a wax statue at Madame Tussauds representing Singapore Airlines?

Such interesting facts came to the fore during Quiz-Con, the inter-school quiz organised by Rajendra Vidyalaya at its auditorium in Sakchi on Wednesday.

Over 400 students of Classes IX to XII from 40 city schools took part in the quiz, hosted by well-known quizmaster Giri Balasubramaniam from Bangalore.

The team from Loyola School emerged the champions defeating Narbheram Hansraj English School. The second runner-up was Mount Litera Zee School. All the winning teams received trophies, medals and gift hampers.

School secretary Vivek Anand Prizes was the chief guest on the occasion while prizes were handed over by S.K. Singh, vice president of Bihar Association.

Six schools — Mount Litera Zee School, Loyola School, Narbheram Hansraj English School, DAV Public School Bistupur, Sacred Heart Convent School and Hill Top School — qualified in the finals defeating 388 students from 194 teams in the written preliminary round.

The quiz comprised of five rounds including Across the World, general questions from round the world; Magical Insights, a visual round; Rapid Thoughts, a rapid fire round; Out of the Box, a clue round and Who am I where students had to identify acclaimed personalities. Besides the participants, students from the audience also got to answer questions and won gifts.

"Quiz is not just about knowledge but it also improves your communication skills. Knowledge gives you the power to communicate better," said Subramaniam.

Principal of Rajendra Vidyalaya, Rakhi Banerjee said that it was the first time the school had organised an inter-school competition. "The quiz turned out to be immensely successful. Children learnt a lot from the questions asked," said Banerjee.


The Telegraph THURSDAY 30 AUGUST 2018




### राजेन्द्र विद्यालय में क्विज कॉन-2018, 40 स्कूलों ने लिया हिस्सा

# लोयोला की टीम ने जीता खिताब

**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

राजेन्द्र विद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को स्कूल के प्रेक्षागृह में इंटर स्कूल प्रतियोगिता क्विज कॉन -2018 आयोजित हुई. सामान्य ज्ञान पर आधारित इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 40 स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया. देश के प्रसिद्ध क्विज मास्टर गिरि बालासुब्रमण्यम के संचालन में प्रतियोगिता आयोजित हुई.

- **फाइनल राउंड में छह स्कूल पहुंचे, नरभेराम हंसराज दूसरे, माउंट लिटरा तीसरे स्थान पर**

प्रतियोगिता में लोयोला स्कूल की टीम विजेता बनी. लोयोला के अंबरीश झा और अग्निध घोष को खिताब मिला. दूसरे स्थान पर नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल की टीम रही. टीम में के राज और ओंकार मिश्रा शामिल रहे. तीसरे स्थान पर माउंट लिटरा जी स्कूल की फातिमा नदीम और शिशिर लाल रहे. अंतिम राउंड में छह स्कूलों की टीम ने हिस्सा लिया. माउंट लिटेरा स्कूल ने टाई ब्रेकर की मदद से तीसरा स्थान प्राप्त किया.

विजेताओं को अंत में बिहार एसोसिएशन के सचिव विवेकानंद और प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने पुरस्कृत किया. फाइनल में पहुंचने वाले स्कूल : डीएवी, हिलटॉप, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट, लोयोला स्कूल, नरभेराम हंसराज, माउंट लिटरा जी स्कूल.

प्रभात खबर 30.08.2018

न्यूज कॉर्नर


# राजेन्द्र विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट्स डे मना



**जमशेदपुर।** राजेन्द्र विद्यालय में ग्रैंड पैरेंट्स डे शनिवार को स्कूल परिसर में मनाया गया। समारोह का उद्घाटन स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव सीपीएन सिंह, प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने किया। कार्यक्रम केजी और कक्षा एक-दो में विभक्त थी। इस दौरान बच्चों ने गीत संगीत के मार्फत बुजुर्गों की महत्ता बताई, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों के साथ संवाद भी हुआ। इस दौरान बुजुर्गों ने स्कूल के इस कार्यक्रम की सराहना की।

हिन्दुस्तान • जमशेदपुर • रविवार • 04 नवंबर 2018 •

# लौहनगरी ने लिया डॉ. राजेंद्र प्रसाद के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प



साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय प्रेक्षागृह में राजेंद्र जयंती समारोह में शामिल लोग • जागरण



राजेंद्र विद्यालय प्रेक्षागृह में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे • जागरण

**जासं, जमशेदपुर :** देश रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती सोमवार को पूरे शहर में मनाई गई। कई संगठनों संग चित्रांश समाज की विभिन्न शाखाओं की ओर से डा. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी गई। टेल्को चित्रगुप्त समिति की ओर से टेल्को गुरुद्वारा प्रांगण में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष अनूप रंजन, महामंत्री श्याम बिहारी लाल, राष्ट्रीय सचिव सुबोध श्रीवास्तव, उज्जवल कुमार आदि भी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टेल्को चित्रगुप्त समिति के अध्यक्ष महेश शरण व धन्यवाद ज्ञापन राजीव शरण ने किया। इस मौके पर डा. राजेंद्र प्रसाद के बताए राह पर चलकर देश व समाज का उत्थान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महेश शरण, राजीव शरण, रजनीकांत, राकेश कुमार, रूपेश कुमार, अजय दास, गोपाल प्रसाद, मुकेश, अभिषेक, सुनील सिन्हा, राजेश आदि सक्रिय रहे। उधर सोनारी चित्रगुप्त भवन में भी राजेंद्र जयंती मनाई गई। अजय श्रीवास्तव व संजीव सिन्हा ने राजेंद्र प्रसाद की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्याम बिहारी लाल, महासभा के प्रदेश महामंत्री अजय श्रीवास्तव, संजीव सिन्हा उपस्थित थे।

## राजेंद्र जयंती पर आरवी में हुआ कार्यक्रम

**जासं, जमशेदपुर :** साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय के सभागार में सोमवार को राजेंद्र जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. एसके सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य राखी बनर्जी ने विद्यालय की विकास यांत्रा का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं की ओर से नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम के अंत में महासचिव सीपीएन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## कायस्थ महासभा ने किया नमन

कायस्थ महासभा की ओर से टेल्को एम. टाइप फ्लैट मैदान में राजेंद्र प्रसाद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के सुशील श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर सतीश श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, असीम वर्मा, अनिल सिन्हा, रंजीव श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, प्रमोद लाल, प्रकाश सहाय, अजीत श्रीवास्तव समेत कई शामिल हुए। सभी ने डा. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



राजेंद्र जयंती पर नृत्य करती छात्रा • जागरण

दैनिक जागरण जमशेदपुर, 4 दिसंबर 2018

# सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों ने डांस व फैशन शो के जरिये दिखाई प्रतिभा



## लोयोला लिंक अप कार्निवाल चैंपियन

**जमशेदपुर.** शनिवार को सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में एनुअल कल्चरल फेस्ट लिंक अप कार्निवाल का आयोजन किया गया. इसमें शहर के 20 स्कूलों के सीनियर सेक्शन के बच्चों ने हिस्सा लिया. इस दौरान बच्चों ने अलग-अलग 10 प्रतियोगिताओं के जरिये अपनी कला का नमूना प्रस्तुत किया. फिल्मी गीतों की धुनों पर बच्चों ने डांस किया साथ ही फैशन शो के माध्यम से अपने आत्मविश्वास व ब्रेन विद ब्यूटी का परिचय दिया. कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल सिस्टर मृदुला ने सफल बच्चों को पुरस्कृत किया. कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि बच्चे ऑलराउंडर बनें. कार्यक्रम के अंत में लोयोला स्कूल की टीम को ओवरऑल चैंपियन का खिताब दिया गया, **जबकि** कारमेल जूनियर कॉलेज की टीम को उपविजेता का खिताब दिया गया. इधर, कारमेल जूनियर कॉलेज को ही सबसे ज्यादा अनुशासित टीम का खिताब दिया गया.

**इन्हें मिला पुरस्कार** : **मेलांगे** : 1- कारमेल जूनियर कॉलेज, 2 डीपीएस, 3 राजेंद्र विद्यालय, **एक्स निहिलो** : 1. एलएफएस और राजेंद्र विद्यालय, 2- हिलटॉप, 3- कारमेल, **फैंटासिया** : 1- राजेंद्र विद्यालय, 2- केपीएस कदमा, 3- कारमेल जूनियर कॉलेज, **एरुडिटे** : 1- एलएफएस, 2- लोयोला स्कूल, 3- कारमेल जूनियर कॉलेज, **कैरेडेस** : 1. डीबीएमएस स्कूल, 2. लोयोला, 3. कारमेल जूनियर कॉलेज, **मेटामॉर्फ** : 1- हिलटॉप, 2- लोयोला स्कूल, 3- राजेंद्र विद्यालय, **शिपवर्क** : 1- केएसएमएस, 2- संत मेरीज, 3-लोयोला, **कॉन्वर्सो** : 1- लोयोला, 2- डीपीएस, 3- तारापोर एग्रिको, **जिप्यर** : 1- कारमेल जूनियर कॉलेज, 2- लोयोला स्कूल, 3- एलएफएस, **अल्टीमेट फैंडम चैंपियनशिप** : 1- लोयोला, 2- एलएफएस, 3- केएसएमएस, **इम्पायर सिलहौउटे** : 1- कारमेल, 2- एलएफएस, 3- डीबीएमएस

राजेंद्र विद्यालय. ग्रैंड पैरेंट्स डे में दादा-दादियों ने की मस्ती, कई प्रतियोगिताएं आयोजित

# ग्रैंड पैरेंट्स ने बचपन के दिनों को किया साझा

- दादा-दादियों ने राजेंद्र विद्यालय प्रबंधन की सराहना की
- सभी स्कूली बच्चों को दादा -दादी के महत्व के बारे में बताया गया

**वरीय संवाददाता** ▷ जमशेदपुर



राजेंद्र विद्यालय ऑडिटोरियम में दादा-दादी के वेश में अभिनय करते बच्चे एवं कार्यक्रम में अभिनय क्षमता का प्रदर्शन करतीं बच्चियां.

राजेंद्र विद्यालय में ग्रैंड पैरेंट्स डे का आयोजन किया गया. इसमें स्कूल के एलकेजी से लेकर दूसरी क्लास तक के बच्चों के साथ ही उनके दादा-दादी व नाना-नानी ने हिस्सा लिया. दो सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पहले सत्र में एलकेजी से लेकर यूकेजी तक, जबकि दूसरे सत्र में पहली व दूसरी क्लास के बच्चों व उनके दादा-दादियों ने हिस्सा लिया. इस मौके पर बच्चों के साथ ही उनके दादा-दादियों के लिए कई प्रकार की प्रतियोगिताएं डिजाइन की गयी थी. इसमें बच्चों के साथ उन्होंने खूब मस्ती की. इस मौके पर दादा-दादियों ने ना सिर्फ फिल्मी व लोकगीत गाये, बल्कि अपने बचपन के दिनों को भी सभी के साथ साझा किया. मौके पर दादा-दादियों ने संबोधित करते हुए राजेंद्र विद्यालय प्रबंधन की सराहना की. कहा कि आज जिस प्रकार नैतिक मूल्यों का क्षय हो रहा है, नैनो परिवार का कल्चर खत्म हो रहा है, इस दौर में भी अगर स्कूल प्रबंधन द्वारा दादा-दादी के महत्व के बारे में बच्चों को बताया जाता है, तो वाकई में इसका सकारात्मक असर बच्चों के व्यवहार पर दिखेगा. मौके पर बिहार एसोसिएशन के सचिव सीपीएन सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव विवेकानंद, प्रिंसिपल राखी बनर्जी समेत कई अन्य उपस्थित थे.

जमशेदपुर, रविवार
4.11.2018
प्रभात खबर

प्रभात - खबर



## राजेंद्र विद्यालय के मैथ क्लब की ओर से प्रतियोगिता का आयोजन

# मैथ फेस्ट टेसरेक्ट का विजेता बना डीएवी

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

राजेंद्र विद्यालय में मैथ फेस्ट टेसरेक्ट 2018 का आयोजन किया गया. स्कूल के मैथ क्लब की ओर से आयोजित इस फेस्ट में शहर के अलग-अलग कुल 13 स्कूलों के करीब 200 बच्चों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के दौरान स्कूल के सीनियर सेक्शन के बच्चों ने मैथमेटिकल प्रोडिजी, ऑन स्टेज क्वेश्चयन आंसर, कॉनसेलियम, स्पीड क्यूबिंग, रूल्स ऑफ 4 डायमेंशन, इंटीग्रेशन बी व अल्टीमेट ट्रैसरेक्ट शो डाउन क्विज के जरिये सभी ने अपनी गणित की प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें जजों की टीम ने उन्हें अपनी मानक पर परखा. इसके बाद अंतिम रूप से डीएवी पब्लिक स्कूल बिष्टुपुर की टीम को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव विवेकानंद उपस्थित थे. उन्होंने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे में प्रतिभा है. जब वे अपने स्कूल से बाहर निकल कर इस तरह की प्रतियोगिता में शामिल होते हैं, तो उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है. साथ ही उन्हें अन्य बच्चों के बारे में भी जानकारी मिलती है. मौके पर प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने भी सभी को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बच्चों ने अपनी आइक्यू व फास्ट सॉल्विंग एटीट्यूड का प्रदर्शन किया है, वह वाकई में सराहनीय था. पुरस्कार वितरण समारोह में सीपीएन सिंह, वाइस प्रिंसिपल विजय कुमार पांडेय, मॉडरेटर संजीव कुमार झा, स्टूडेंट को ऑर्डिनेटर सिद्धार्थ वत्स समेत कई अन्य उपस्थित थे.



प्रभात खबर
20.11.2018

# जमशेदपुर को बनाये नंबर वन क्लीन सिटी : द्रौपदी मुर्मू

## पर्यावरण विंग जैमपॉट ग्रीन्स

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

जमशेदपुर दुर्गापूजा के लिए जाना जाता है. हर समाज की भागीदारी एवं भव्य पंडाल का निर्माण यहां आकर्षण का केंद्र होता है. पंडाल डेकोरेशन व प्रतिमा बनाने के लिए काफी ऐसी सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाता है, जो बाद में ये मिट्टी में नहीं घुलती. इससे जमीन बंजर हो जाती है. इसलिए सभी मिलकर प्रकृति बचाने के लिए काम करें. पर्व-त्योहार की खुशियों के साथ प्रकृति की सौंदर्यता को बनाये रखना हमारी जिम्मेदारी है. जमशेदपुर व रांची में जनसंख्या बढ़ी है. ऐसे में प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए सभी को आगे आने की आवश्यकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने आह्वान किया था, 2019 तक देश को स्वच्छ बनाना है. हमें जमशेदपुर को स्वच्छता में नबंर वन बनाने का प्रयास करना चाहिए. उक्त बातें झारखंड की राज्यपाल द्रोपदी मुर्मू ने कल्पवृक्ष फाउंडेशन की पर्यावरण विंग जैमपॉट ग्रीन्स के तत्वावधान में आयोजित आमादेर पूजो - 2018 पुरस्कार वितरण समारोह में कही. राजेंद्र विद्यालय प्रेक्षागृह साकची में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हर महीने कोई न कोई त्योहार मनाया जाता है. त्योहार आनंदमय तरीके से मनाने के साथ-साथ स्वच्छता का ख्याल रखना जरूरी है. झारखंड के सौंदर्य की चर्चा देश ही नहीं विदेशों में भी होती है. अब कल्पवृक्ष फाउंडेशन के युवा समाज की सोच बदलने के लिए काम कर रहे हैं, उन्हें समर्थन की आवश्यकता है. राज्यपाल ने कहा कि देश को ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया बनाये. जल ही जीवन है. इसलिए नदियों को स्वच्छ बनायें. मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक अनूप बिरथरे ने संस्था के कार्यों की सराहना की. कार्यक्रम में एडीएम लॉ एंड आर्डर सुबोध कुमार, डीडीसी बी माहेश्वरी, एडिशनल सेल्स टैक्स कमिश्नर मिथिलेश कुमार, कल्पवृक्ष फाउंडेशन के निदेशक अरुण सिंह एवं तारकनाथ दास उपस्थित रहे.

**सम्मानित हुए स्कूलों के प्राचार्य :** केरला समाजम मॉडल स्कूल, राजेंद्र विद्यालय, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल, हिल टॉप स्कूल, एडीएसएल सनशाइन स्कूल, दयानंद पब्लिक स्कूल, नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल एवं करीम सिटी कॉलेज को तरंगिनी अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु सम्मान से नवाजा गया. प्राचार्या नंदिनी शुक्ला, इंद्राणी सिंह, स्वर्णा मिश्रा, पुनीता बी चौहान, राखी बनर्जी, आशु तिवारी, पारमिता रॉय चौधरी, एवं करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मो जकारिया को सम्मानित किया गया. एक्सएलआरआई सिग्मा -ओलकोस एवं आल इंडिया सिख स्टूडेंट्स फेडरेशन को भी सम्मानित किया गया.

**शामिल रहे:** समारोह में एडिशनल सेल्स टैक्स कमिश्नर मिथिलेश कुमार, जमशेदपुर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति से रामबाबू सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार, सीएन बनर्जी, प्रीतम उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन आरजे प्रसून उपाध्याय एवं अभय मौर्या ने किया. धन्यवाद ज्ञापन अरुण सिंह ने किया.



**पूजा कमेटियां हुईं सम्मानित** अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले संस्थानों, विद्यालय, पूजा समितियों, आवासीय प्रतिष्ठानों को राज्यपाल एवं अतिथियों ने सम्मानित किया

## कलाकारों ने पेश किया छऊ, कथक व भारतनाट्यम



कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू एवं सामान्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. उदय नृत्यलोक के कलाकारों ने स्वागत नृत्य पेश किया. अंतिम प्रस्तुति में झारखंड के छऊ के साथ कथक, भारतनाट्यम, नृत्य शैली का संगम हुआ.



दुर्गापूजा समितियों को सम्मानित करते एसएसपी अनुप बिरथरे.

### आमादेर पूजो 2018

**ओपन कैटेगरी** : विजेता- हिंद क्लब दुर्गा पूजा समिति, रानीकुदर, उपविजेता- श्री श्री सार्वजनीन दुर्गा पूजा समिति, रोड नम्बर 4, बागबेड़ा.

**हाउसिंग सोसाइटी कैटेगरी** : प्रथम पुरस्कार- श्री श्री 108 दलमा इन्क्लेव दुर्गा पूजा सोसाइटी, मानगो उपविजेता - वृंदावन गार्डन दुर्गा पूजा समिति, सोनारी.

स्पेशल मेंशन पुरस्कार - पूर्वांचल पूजा समिति, डी रोड, टेल्को को स्पेशल मेंशन पुरस्कार से नवाजा गया. **ग्रीन इमर्शन कैटेगरी** : विजेता- जयप्रभा दुर्गा एव काली पूजा कमेटी, कदमा. उपविजेता - विजय शताब्दी पूजा कमेटी, सोनारी.

**छठ घाट समिति**- महाकालेश्वर छठ घाट समिति, जुगसलाई को छठ पूजा के दौरान कई वर्षों से निरंतर उल्लेखनीय कार्य करने हेतु सम्मानित किया गया.



राजेंद्र विद्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोग.

लोगों को संबोधित करतीं अतिथि।

**जासं, जमशेदपुर** : टाटा स्टील फैमिली इनिशिएटिव फाउंडेशन ने गुरुवार को बिष्टुपुर में 100 जोड़ों को सम्मानित करके विश्व जनसंख्या दिवस मनाया। इनलोगों द्वारा परिवार नियोजन के अस्थायी तरीकों को अपनाया गया है।

जमशेदपुर के आसपास और टाटा स्टील फैमिली इनिशिएटिव फाउंडेशन द्वारा 10 मातृ और शिशु स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़े गए थे। कार्यक्रम में टाटा स्टील के सीएसआर चीफ सौरव रॉय के साथ टाटा स्टील सीएसआर हेल्थ एंड टीक्यूएम के हेड नीलॉय मिटर आदि मुख्य रूप से मौजूद थे। मिटर ने कहा कि लिंग समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और मानवाधिकार समेत परिवार नियोजन के महत्वपूर्ण मुद्दों को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।

# क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**जासं, जमशेदपुर** : राजेन्द्र विद्यालय के तत्वावधान में गुरुवार को एएसआइएससी अलबर्ट बैरो मेमोरियल क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल परिसर में हुआ। इसमें आइसीएसई के स्कूलों ने भाग लिया। शहर के 18 तथा धनबाद के दो स्कूल के विद्यार्थी शामिल हुए।

प्रतियोगिता केटेगरी वन व टू में विभक्त थी। वन में 11वीं व 12वीं के बच्चे शामिल थे वहीं केटेगरी टू में दसवीं के बच्चों ने भाग लिया। एक घंटे के दौरान बच्चों ने अपनी भावना को कागज पर उतारा। उनको कुल चार टॉपिक दिये गये थे। हालांकि उन्हें लिखना सिर्फ एक ही टॉपिक पर था। इसके बाद सभी की कॉपियों को सील कर बोर्ड के पास भेज दिया गया।

## छात्रा कृति सिंह का सम्मान

**जासं, जमशेदपुर** : दिल्ली पब्लिक स्कूल ने छात्रा कृति सिंह को गुरुवार को सम्मानित किया। कृति जेईई एडवांस में सफलता पाई है। कृति का दाखिला आइआइटी धनबाद में हुआ है। स्कूल के निदेशक बीके भारद्वाज और प्रिंसिपल डॉ. किरण देव सिंह ने छात्रा को सम्मानित किया।

दैनिक जागरण जमशेदपुर, शुक्रवार, 13 जुलाई 2018

## चेस. एएसआइएससी जोनल दो दिवसीय टूर्नामेंट में 122 खिलाड़ी हुए शामिल

# विदिशा, उत्कर्ष, सोनिया व इशान चैंपियन



प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी व मुख्य अतिथि के साथ.




बालिका वर्ग में 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया.

**लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर**

एग्रिको तारापोर की मेजबानी में आयोजित दो दिवसीय एएसआइएससी जोनल चेस चैंपियनशिप गुरुवार को संपन्न हो गया. प्रतियोगिता के जूनियर बालिका वर्ग में कारमेल की विदिशा राय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. वहीं कान्वेंट स्कूल की प्रचेता अग्रवाल दूसरे, जेएच तारापोर की मनया रुपानी तीसरे, कारमेल की धृति शाह चौथे व कान्वेंट की यमिजला कौलिनी पांचवें स्थान पर रही.

जूनियर बालक वर्ग में राजेंद्र विद्यालय के कुमार उत्कर्ष 5.5 अंक के साथ विजेता बने. टैगोर एकेडमी के कुमार संकल्प दूसरे, विग इंग्लिश स्कूल के अभिषेक कुमार तीसरे, राजेंद्र विद्यालय के शिवम गुप्ता चौथे व केएसएमएस के ओम नारायण भुइंया पांचवें स्थान पर रहे. सीनियर बालिका वर्ग में एमएनपीएस की सोनिया वर्मा विजेता, केएसएमएस की अशफिया सिराज दूसरे, टैगोर एकेडमी की प्रियासा अखोरी चौथे व निमिशा सिंह पांचवें स्थान पर रही. सीनियर बालक वर्ग में कारमेल के इशान गुप्ता पहले, राजेंद्र विद्यालय के अभिषेक राय दूसरे, एमएनपीएस के अरुण डे तीसरे व सैनियाल एम खान चौथे तथा कारमेल के अभिषेक कानन पांचवे स्थान पर रहे. विभिन्न वर्गों के टॉप पांच-पांच खिलाड़ी कारमेल जूनियर कॉलेज की मेजबानी में होने वाली रीजनल चेस चैंपियनशिप में भाग लेंगे. दो दिवसीय इस चैंपियनशिप में 23 स्कूल के 122 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बेली बोधनवाला मौजूद थे. टूर्नामेंट में चीफ आर्बिटर की भूमिका बंगाल के असीत वरण महतो ने निभाई. वहीं टूर्नामेंट को सफल बनाने में प्रीतम सिंह खेल शिक्षक कौशल व चंदन कुमार प्रसाद ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. वहीं दीपक कुमार ने डिप्टी चीफ आर्बिटर की भूमिका निभई.

प्रभात खबर 27.07.2018

# क्रिएटिव राइटिंग में बच्चों ने दिखायी लेखन कला

**जमशेदपुर.** गुरुवार को एएसआइएससी क्रिएटिव राइटिंग कंपीटीशन का आयोजन किया गया. मेजबानी का जिम्मा राजेंद्र विद्यालय को दिया गया था. इस कंपीटीशन में कुल 20 आइसीएसइ स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया. जिसमें 2 स्कूल धनबाद के जबकि 18 शहर के स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया. प्रत्येक स्कूल से 1-1 बच्चों ने अपनी लेखन कला का प्रदर्शन किया. सुबह 9.30 में बच्चों को हॉल में प्रवेश करवाया गया. इसके बाद स्कूल की प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने बच्चों को कंपीटीशन के कायदे बताये. उन्होंने कहा कि 1 घंटे में दिये गये टॉपिक पर 350 शब्दों में उन्हें अपनी बातों को लिखना है. 1 घंटे के दौरान बच्चों ने अपनी भावना को कागज पर उतारा. बच्चों को कुल 4 टॉपिक दिये गये थे, हालांकि उन्हें लिखना सिर्फ एक ही टॉपिक पर था. इसके बाद सभी की कॉपियों को सील कर बोर्ड के पास भेज दिया गया. प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बिहार एसोसिएशन के सचिव सीपीएन सिंह ने प्रतियोगिता के आयोजन में अपनी भूमिका निभाने वाले स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया.




राजेंद्र विद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को संबोधित करती शिक्षिका.

प्रभात खबर
जमशेदपुर, शुक्रवार
13.07.2018

## CREATIVE WRITING CONTEST FOR ICSE STUDENTS

# The 'write' way to win hearts

OUR CORRESPONDENT

**Jamshedpur:** Students across the steel city expressed their creativity with words during the annual Albert Barrow All India Inter-School Creative Writing Competition on Thursday.

Organised annually by the Council for the Indian School Certificate Examinations, Delhi, Classes IX and X students from 20 city schools took part in the Category II competition at Rajendra Vidyalaya in Sakchi, while Classes XI and XII students from 21 schools took part under Category I at Tarapore School in Agrico.

Some of the participating schools were Loyola School, Sacred Heart Convent School, Hill Top School, Gulmohur High School, Dayanand Public School, DBMS English School and Narbheram Hansraj English School.



**TAKE YOUR PICK: A teacher reads out the topics of the creative writing competition at Rajendra Vidyalaya in Sakchi, Jamshedpur, on Thursday.** Telegraph picture

Students had to write a piece between 750 and 1000 words in an hour on topics given to them by the Council. The answer scripts were then forwarded to the Council for evaluation.

Some of the topics were 'The manner in which the subjects you learnt at school shaped you', 'Education is still a privilege for a few,' 'The Internet has overtaken the library,' and 'I dare to dream of the impossible.'

"The creative writing competition is one of the many initiatives taken by the Council to provide a platform to students to showcase their creativity and linguistic skills," said Rakhi Banerjee, principal of Rajendra Vidyalaya.

The best essays will later be featured in a special publication by the Council.

In another event, students of Kerala Public School, Kadma, conducted a safety drive titled 'Drive Safe Be Safe' outside their school to ensure commuters, especially parents, wear helmets and seat belts. While 'thank you' stickers were given to people wearing helmets, stickers with safety messages were handed over to traffic violators.

**THE TELEGRAPH** JAMSHEDPUR FRIDAY 13 JULY 2018

XXII

राजेंद विद्यालय

# रक्तदान शिविर में 216 यूनिट रक्त संग्रहित



**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. बिहार एसोसिएशन के संस्थापक सदस्य सह एसोसिएशन के पूर्व सचिव स्व केदार नाथ सिंह शर्मा की स्मृति में आयोजित उक्त रक्तदान शिविर का उद्घाटन बिहार एसोसिएशन के महासचिव चंद्र प्रकाश नारायण सिंह ने किया. मौके पर उन्होंने कहा कि बिहार एसोसिएशन स्व केएनएस शर्मा का हमेशा कृतज्ञ रहेगा. उन्होंने एसोसिएशन के गठन में अहम भूमिका निभायी थी. कहा कि समाज हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार की पहल उन्होंने की थी, वह अनुकरणीय है. मौके पर स्कूल के सीनियर सेक्शन के बच्चे, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक व बीए इंजीनियरिंग कॉलेज से जुड़े विद्यार्थी व शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा समाज के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लोगों ने रक्तदान किया. अंतिम रूप से कुल 216 यूनिट रक्त संग्रह किये गये. पिछले साल उक्त रक्तदान शिविर में कुल 203 यूनिट रक्त संग्रह किया गया था. शिविर के दौरान संग्रह किये गये रक्त का उपयोग शहर के गरीब व जरूरतमंदों के बीच किया जायेगा.

प्रभात खबर 03.07.2018

प्रभात खबर प्रतिभा सम्मान समारोह 2018

# गौरवान्वित हुआ जमशेदपुर




जमशेदपुर, रविवार
08.07.2018

# आरवी में याद किये गये स्व. केएनएस शर्मा



**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय में शनिवार को स्कूल के संस्थापक सह बिहार एसोसिएशन के पूर्व सचिव स्व. केएनएस शर्मा को याद किया गया. इस मौके पर स्कूल परिवार और परिजनों ने स्व. शर्मा को श्रद्धांजलि दी. एसोसिएशन के सचिव सीपीएन सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव विवेकानंद, प्रिंसिपल राखी बनर्जी समेत शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्प अर्पित किया. मौके पर सीपीएन सिंह ने बिहार एसोसिएशन को बनाने में केएनएस शर्मा के योगदान को याद किया. सभी ने संयुक्त रूप से बिहार एसोसिएशन की प्रगति के लिए स्व. केएनएस शर्मा के योगदान की सराहना की. संस्थापन की स्मृति में स्कूल परिसर में 2 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं व अभिभावकों के अलावा समाज के हर क्षेत्र के लोग शामिल होंगे. **इन्होंने की है दावेदारी** - पांडू कुजूर, अमर मिंज, जगना लकड़ा, बुधराम लकड़ा, अमन टोप्पो, कृष्णा किस्पोटा, आशा कुजूर, बैजनाथ टोप्पो, सरस्वती कुजूर, गोपाल टोप्पो, अजय कुजूर, गीता टोप्पो


प्रभात खबर 1.07.2018

दैनिक जागरण जमशेदपुर, 30 जून 2018



# आरवी में प्रतिभाओं का सम्मान

**जागरण संवाददाता, जमशेदपुर** : राजेंद्र विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवार को विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सिटी प्रभात कुमार मौजूद थे। मुख्य अतिथि का स्वागत परिचय बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एसके सिंह ने कराया। एकेडमिक सत्र 2017-18 के लिए मेधावी छात्रों को विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया। इस वर्ष विद्यालय की ओर से नौवीं, दसवीं, 11वीं व 12वीं के लिए चार नए पुरस्कार शुरू किए गए। इन पुरस्कारों के नाम एसपी सिन्हा अवार्ड, सीडी सिंह अवार्ड, केएनएस शर्मा अवार्ड व केबी सिन्हा अवार्ड हैं। दसवीं में 98.4 प्रतिशत लेकर सेकेंड सिटी टॉपर रहे आयुष कुमार के अलावा अन्य मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किया। शुरू में विद्यालय का प्रतिवेदन प्राचार्या राखी बनर्जी ने पढ़ा।



शुक्रवार को साकची राजेन्द्र विद्यालय प्रक्षागृह में सम्मानित मेधावी विद्यार्थी • जागरण

# नृत्य से बच्चों ने दिया स्वच्छता का संदेश

लाइफ रिपोर्टर@जमशेदपुर

राजेंद्र विद्यालय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को राजेंद्र विद्यालय के प्राइज नाइट का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि सिटी एसपी प्रभात कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. स्कूल की प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने वार्षिक प्रतिवेदन पेश किया. इसके बाद बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता पर आधारित नृत्य नाटिका पेश किया.

**■ शिक्षक भी हुए सम्मानित**

मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों से बेहतर नागरिक बनने का आह्वान किया. मौके पर स्कूल में 25 साल पूरा करने वाले शिक्षक सह पूर्व प्राचार्य पीवी सहाय व स्कूल के शिक्षकेतर कर्मचारी आरएन यादव को स्मृति चिन्ह देकर व 100 फीसदी उपस्थिति के लिएं शिक्षक आरके सिंह, एनके शर्मा, एस पांडा, संजय गुहा, सरबजीत बसन, सुनीता साहू, सविता शुक्ला को सम्मानित किया गया. 98.4 फीसदी अंक हासिल करने वाले आयुष कुमार को भी सम्मानित किया गया. स्कूल पत्रिका का विमोचन किया गया.

**राजेंद्र विद्यालय के प्राइज नाइट में पुरस्कृत हुए मेधावी बच्चे**



**इन्हें मिला स्पेशल अवार्ड**

**एसपी सिन्हा अवार्ड ( 9000 रुपये ) :** रुप्सा बर्मन, अनुपम खरबंदा व निशेष नमन, **सीडी सिंह अवार्ड (10,000 रुपये ) :** आयुष कुमार , सुप्रीति और मोहित, **केएनएस शर्मा अवार्ड (10,000 रुपये ) :** कीर्ति कश्यप ताइजस, सिद्धार्थ वत्स, अभिजीत पांडेय व स्वेच्छा रिद्दि, **केबी सिन्हा अवार्ड ( 12,000 रुपये) :** अस्मिता पांडा, कृत तन्मय व निष्ठा रॉय .

प्रभात खबर 30.06.2018





# राजेंद्र विद्यालय के वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किये गये विद्यार्थी

**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय ऑडिटोरियम में स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें स्कूल के एलकेजी से लेकर नौवीं व ग्यारहवीं तक के बच्चों को पुरस्कार दिया गया. बच्चों के बीच हर सेक्शन के टॉप थ्री स्टूडेंट को पुरस्कार दिया गया. इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में बिहार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह उपस्थित थे. उन्होंने बिहार एसोसिएशन के सचिव सीपीएन सिंह, स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव विवेकानंद, प्रिंसिपल राखी बनर्जी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की. इसके बाद प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. जिसमें उन्होंने स्कूली बच्चों द्वारा एक साल के दौरान हासिल किये गये एकेडमिक अचीवमेंट के साथ ही खेलकूद, क्विज, डिबेट समेत कई अन्य प्रतियोगिताओं में स्कूल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया, जिसमें कहा कि स्कूल में कई प्रकार के क्लब का गठन किया गया है. जिसके जरिये बच्चों को अब पढ़ाई के साथ ही एक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है. मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करें. बच्चों ने कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया.

प्रभात खबर
जमशेदपुर, शुक्रवार
29.06.2018

# राजेंद्र विद्यालय के वार्षिकोत्व में एकेडमिक कक्षाओं में सफल विद्यार्थी पुरस्कृत



राजेंद्र विद्यालय के प्राइज नाइट कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

एजुकेशन रिपोर्टर | जमशेदपुर

राजेंद्र विद्यालय का वार्षिक प्राइज नाइट का आयोजन राजेंद्र विद्यालय प्रेक्षागृह, साकची में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में एकेडमिक कक्षाओं में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नदी और जल संरक्षण का संदेश देते हुए गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिटी एसपी प्रभात कुमार ने विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए लगन से पढ़ाई करने को कहा।

दैनिक भास्कर

शनिवार 30 जून, 2018

## लिटिल फ्लावर स्कूल में वार्षिक साइंस फेस्ट क्वांटम 2018 का आयोजन

# आज का साइंस, कल की टेक्नोलॉजी

- **डीएवी बिष्टुपुर स्कूल बना विजेता**

**लाइफ रिपोर्टर@जमशेदपुर**




टेल्को स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में साइंस फेस्ट क्वांटम 2018 का आयोजन किया गया. जिसमें शहर के अलग-अलग कुल 16 प्राइवेट स्कूलों के 402 बच्चों ने हिस्सा लिया. इस फेस्ट में दसवीं से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने विज्ञान से जुड़ी अपनी सोच व आइक्यू लेवल को यहां प्रदर्शित किया. जिसके बाद अंतिम रूप से डीएवी बिष्टुपुर स्कूल की टीम को ओवरऑल चैंपियन का खिताब दिया गया. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एनएमएल के एमटीइ डिवीजन के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ जितेंद्र कुमार साहू उपस्थित थे. उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इसके बाद उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूली बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए किये जाने वाले प्रयासों की सराहना की. बच्चों को अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि साइंस बड़ा रोचक विषय है. इसमें कभी भी अंत नहीं है. आविष्कार करने के लिए सबसे ज्यादा स्कोप इसमें है, जरूरत सिर्फ इस बात की है कि विद्यार्थी जीवन से ही इसमें रुचि हो. उन्होंने कहा कि भारत में रिसर्च की कमी है. बच्चे रिसर्च में आगे बढ़ें, ताकि आने वाले समय में देश व समाज को वे कुछ दे सकें. इसे लेकर उन्होंने कई उदाहरण भी प्रस्तुत किये. कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि साइंस हर दिन विकास कर ओर बढ़ रहा है, आज का साइंस कल का टेक्नोलॉजी है. मौके पर साइंस का इस्तेमाल देश व समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए करनी चाहिए. मौके पर वाइस प्रिंसिपल सिस्टर मैरी एनी ने सभी को पुरस्कृत किया. नौवीं बार स्कूल में क्वांटम का आयोजन किया गया था. कार्यक्रम के आयोजन में स्कूल की सीनियर टीचर संगीता चतरथ समेत कई अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा.

### 10 इवेंट से परखा गया आइक्यू लेवल

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के लिए साइंस से जुड़े कुल 10 इवेंट किये गये थे. जिसमें स्पॉट लाइट व रोबोजेनेटर्स को पहली बार इसमें शामिल किया गया था. स्पॉट लाइट में विद्यार्थियों में साइंटिस्ट बनने की संभावनाओं से आधारित सवाल किये गये.

### रिजल्ट

**हिल्बर्ट वॉर.** विजेता- हिलटॉप स्कूल, उप विजेता- डीएवी बिष्टुपुर और राजेंद्र विद्यालय
**जीनियस.** विजेता- कारमेल जूनियर कॉलेज, सेकेंड- हिलटॉप स्कूल, थर्ड- डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल
**हंट्स मानिया.** विजेता- हिलटॉप स्कूल, सेकेंड- डीपीएस, थर्ड- डीएवी बिष्टुपुर,
**रोबोजेनेटर्स.** विजेता- जेएच तारापोर सेकेंड- विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, थर्ड- हिलटॉप स्कूल
**सुपरनोवा.** विजेता- लोयोला स्कूल सेकेंड- राजेंद्र विद्यालय, थर्ड- विद्या भारती चिन्मया विद्यालय
**मस्क एरेना.** विजेता- डीएवी बिष्टुपुर, सेकेंड- लोयोला स्कूल, थर्ड- नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल
**ब्रेनोमेनिया.** विजेता- लोयोला स्कूल, सेकेंड- विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, थर्ड- हिलटॉप स्कूल
**डेकोडिफाइ.** विजेता- कारमेल, जूनियर कॉलेज, सेकेंड- विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, थर्ड- **राजेंद्र विद्यालय.**
**स्पॉट लाइट,** विजेता- डीएवी बिष्टुपुर, सेकेंड- विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, थर्ड- लोयोला स्कूल

## जेआरडी में एएसआइएससी रीजनल टेनिस शुरू

# कारमेल की श्रीतमा और आरवी की सृष्टि चैंपियन

### 11 स्कूल की टीमें ले रहीं हैं हिस्सा

लाइफ रिपोर्टर@जमशेदपुर



डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल की मेजबानी में रविवार से जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय एएसआइएससी रीजनल टेनिस चैंपियनशिप की शुरुआत हुई. प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गये जूनियर बालिका एकल वर्ग के फाइनल में कारमेल की श्रीतमा ने कारमेल के ही शरण्या को हराया. सीनियर बालिका एकल वर्ग के फाइनल में राजेंद्र विद्यालय की सृष्टि शिखा ने डीबीएमएस की आकांक्षा को हराकर खिताब जीता. जूनियर बालिका युगल वर्ग के फाइनल में डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल की सुप्रिया सिंह व तालिया हमीद की जोड़ी ने डी नोबिली स्कूल धनबाद की खुशी अग्रवाल व स्वाति सिंह को हराया. सीनियर बालिका युगल वर्ग के खिताबी मुकाबले में डीबीएमएम की पी सुहासिनी व जी श्री विद्या की जोड़ी ने भाव्या व हर्षा की जोड़ी को मात दी. जूनियर बालक युगल वर्ग के फाइनल में डॉन बॉस्को एकेडमी पटना के प्रिंस व अपूर्व अमृत ने कारमेल के अली मुस्तफा आरिफ व अक्श राज को मात दी. सीनियर बालक युगल वर्ग के फाइनल में लोयोला स्कूल के अनितेज श्रीवास्त और आयाम शौर्य की जोड़ी ने डीबीएमएस के अमन अग्रवाल व मनशरण सिंह की जोड़ी को शिकस्त दी. सोमवार को जूनियर बालक एकल वर्ग के फाइनल में डॉन बॉस्को के सत्यम सुजय का सामना लोयोला के अंशुमन पांडा से होगा. जबकि सीनियर बालक एकल वर्ग के खिताबी मुकाबले में डॉनबॉस्को के स्वपनील सिन्हा का सामना लोयोला के असद अब्दुल्लाह युसूफ से होगा.

### रंगारंग हुआ आगाज

जेआरडी में एएसआइएससी रीजनल लॉन टेनिस टूर्नामेंट की शुरुआत रंगारंग अंदाज में हुआ. उदघाटन समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने शानादर नृत्य प्रस्तुत किया. डीबीएमएस के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये फ्यूजन डांस ने दर्शकों का मनमोह लिया. स्वागत भाषण डीबीएमएस स्कूल की प्राचार्या रजनी शेखर ने दिया. मौके पर बी नीलकंठन, हेमा राघवन, मीना मोहन, इंद्रानी सिंह, वृंदा वेंकटेश्वरम, एस भुवना, रेणु अरोड, खेल शिक्षक पी रमेश कुमार व टेनिस कोच शेखर मौजूद थे. टूर्नामेंट बिहार-झारखंड के कुल 11 स्कूल के 61 खिलाड़ी (बालक व बालिका) भाग ले रहे हैं.


प्रभात खबर 25.06.2018

# सीनियर में आरवी तो जूनियर में एलएफएस बना विजेता



**जमशेदपुर**. केरला पब्लिक स्कूल कदमा में एएसआइएससी क्विज का आयोजन किया गया. जिसमें सीनियर सेक्शन के कुल 17 जबकि जूनियर सेक्शन के कुल 23 समूहों ने हिस्सा लिया. प्रत्येक समूह में 2 बच्चों ने इस प्रतियोगिता के जरिये अपनी आइक्यू लेवल का प्रदर्शन किया. जिसमें सीनियर केटेगरी में राजेंद्र विद्यालय की टीम को विजेता चुना गया जबकि जूनियर केटेगरी में एलएफएस की टीम रही. मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर प्रतीम बनर्जी उपस्थित थे. उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और कहा कि शहर में बेहतरीन स्कूलिंग होती है, इसका एक नमूना गुरुवार को देखने को मिला. मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल शर्मिला मुखर्जी समेत कई अन्य उपस्थित थे.

प्रभात खबर 15.06.2018




6. मयंक झा



जेईई एडवांस में 943वां रैंक प्राप्त मयंक झा अपने माता-पिता के साथ .

# आइआइटी

प्रभात खबर
11.06.2018

# अथर्व को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट का पुरस्कार

**जासं, जमशेदपुर** : रांची खेलगांव स्थित पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग की ओर से आयोजित प्रथम झारखंड अंतरराष्ट्र्य खेल महोत्सव 2018 में मानगो मून सिटी के रहनेवाले अथर्व राज को बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट अवार्ड प्रदान किया गया। यह अवार्ड अथर्व को बिनोद कुमार द्वारा निर्मित फिल्म अजब सिंह की गजब कहानी के लिए दिया गया। अथर्व राजेंद्र विद्यालय में चौथी कक्षा का छात्र है। इस आयोजन में ज्यूरी के रूप में महेश भट्ट, रमेश सिप्पी, कलाकार यशपाल शर्मा, संजय मिश्रा, अखिलेंद्र मिश्रा, राजेश जैश, रवि किशन जैसी फिल्मी हस्तियां शामिल थीं।

दैनिक जागरण जमशेदपुर, शनिवार, 2 जून 2018

## राजेंद्र विद्यालय ने आरके मिशन को हराया

**जमशेदपुर**. टेल्को मैदान में खेले गये जेएससीए स्कूल लीग नॉकआउट लीग में सोमवार को राजेंद्र विद्यालय की टीम ने आरके मिशन सिदगोड़ा को 19 रन से हरा दिया. राजेंद्र विद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 10 विकेट पर 140 रन बनाये. ऋषिकांत ने 46 रन, देवमाल्या घोष ने 25 रन व अंकित राज ने 24 रन बनाये. आरके मिशन के संकेत ने चार व आशीष ने दो विकेट लिये. जवाब में आरके मिशन की टीम 121 रन पर सिमट गयी. यश द्विवेदी ने 31 रन व ऋषि ने 24 रन व निलय ने 16 रन की पारी खेली. राजेंद्र विद्यालय के हर्ष ने तीन और तनिश ने दो विकेट लिये.

प्रभात खबर
जमशेदपुर, मंगलवार
22.05.2018

# राजेंद्र विद्यालय की टीम बनी चैंपियन

**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय की टीम ने जेएससीए स्कूल लीग नॉकआउट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया. वहीं डीएवी बिष्टुपुर की टीम को उपविजेता से संतोष करना पड़ा. टेल्को में खेले गये इस फाइनल मैच में राजेंद्र विद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 147 रन बनाये. अंकित राज ने 88 रन की शानदार पारी



खेली. इसमें 14 चौके शामिल है. वहीं अभिनंदन झा ने 22 रन बनाये. डीएवी की ओर से फरदीन, अभिजीत व एनान ने दो-दो विकेट लिये. जवाब में डीएवी की टीम 15.4 ओवर में 84 रन पर सिमट गयी. वेदुला आदित्य ने तीन रन की पारी खेली. आरवी के अभिनंदन झा व आयुष ओझा ने तीन-तीन विकेट और तनिष ने दो विकेट चटकाये.

प्रभात खबर 25.05.2018

# आइसीएसई के सितारे

## राजेंद्र विद्यालय, आइसीएसई, टॉपर्स



आयुष कुमार
**98.40 %**



सुप्रीति
**97.00%**



मोहित
**97%**

### आरवी का आयुष कोटा में कर रहा आइआइटी की तैयारी

**जासं, जमशेदपुर :** टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व कमेटी मेंबर मनोज कुमार सिंह के पुत्र आयुष ने राजेंद्र विद्यालय से आइसीएसइ परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। आयुष अभी कोटा से आइआइटी की तैयारी कर रहा है। उसकी बहन अंजलि व भाई अमन एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। इन्होंने भी राजेंद्र विद्यालय से ही मैट्रिक पास किया था।

**दैनिक जागरण**
जमशेदपुर, 15 मई 2018
www.jagran.com

## राजेंद्र विद्यालय

टॉप-3



**98.4%**
आयुष कुमार



**97.0%**
सुप्रीति



**97.0%**
मोहित

**प्रिंसिपल टॉक**

स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है. शिक्षक, प्रबंधन समेत छात्रों ने इसमें जमकर मेहनत की है. 12वीं में 60 और 10वीं में 166 छात्रों ने परीक्षा दी थी, सभी पास हो गये हैं. 10वीं के 74 छात्रों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल हुए हैं.

**राखी बनर्जी**

# 12वीं का रिजल्ट

## 12वीं साइंस

| | | |
|---|---|---|
| 1. राधिका पटवारी | 98.75 | नरभेराम हंसराज |
| 2. अभिमन्यु सोम | 98.75 | नरभेराम हंसराज |
| 2. प्रार्थना दास | 98.75 | सेक्रेड हर्ट कान्वेंट |
| 3. दीप्ताश्री बनर्जी | 98 | सेक्रेड हर्ट कान्वेंट |
| 4. अंशुमान अग्रवाल | 97.5 | डीबीएमएस |
| 5. पीयूष अग्रवाल | 97 | डीबीएमएस |
| 6. ऋषभ सिन्हा | 97.00 | एसकेपीएस |
| 7. अस्मिता पांडा | 96.75 | राजेंद्र विद्यालय |
| 8. रोहण गोयल | 96.6 | डीबीएमएस |
| 9. श्रेया दास | 96.5 | सेक्रेड हर्ट कान्वेंट |
| 9. ऋषभ श्रीवास्तव | 96.5 | हिलटॉप |
| 9. विनीत कुमार | 96.5 | टैगोर एकेडमी |
| 10. श्रेया बनर्जी | 96.25 | केएसएमएस |


7/06/18

## राजेंद्र विद्यालय

### साइंस



96.75% अस्मिता पांडा




95.25% कुमार तन्मय




94.50% निशिता राय


### कॉमर्स




92.25% अश्विनी कुमार



91% जिज्ञासा



89.50% अभिषेक शर्मा



89.5% अनुषा कर्मकार




# 96.7%

**ASHMITA PANDA**

(Topper - Rajendra Vidyalaya)

प्रभात खबर जमशेदपुर, मंगलवार 15.05.2018

# राजेंद्र विद्यालय में साइंस क्लब का गठन

**जमशेदपुर.** शनिवार को राजेंद्र विद्यालय में साइंस क्लब का गठन किया गया . इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एनएमएल के वैज्ञानिक डॉ अरविंद सिन्हा ने क्लब का उद्घाटन किया . साइंस क्लब के उद्घाटन के मौके पर डॉ सिन्हा ने स्कूल के सातवीं क्लास से लेकर बारहवीं तक के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि साइंस पढ़ने का उद्देश्य सिर्फ अच्छी नौकरी कभी भी नहीं होनी चाहिए . बल्कि साइंस की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी साइंस की क्रिया व प्रतिक्रिया किस प्रकार होती है, उस पर भी दिमाग लगायें . कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव सीपीएन सिंह, प्रिंसिपल राखी बनर्जी समेत कई अन्य उपस्थित थे .

प्रभात खबर 06.05.2018

# Nature lab on campus

OUR CORRESPONDENT

**Jamshedpur:** Students of Rajendra Vidyalaya in Sakchi used the concept of 'reduce, reuse and recycle' to turn PET bottles into planters.

The occasion was the launch of an environment club on the campus on Saturday.

"Today was a special day as this is the first club of our school. We want children to learn the importance of protecting nature. Students made 34 planters using plastic bottles," said school principal Rakhi Banerjee.

Students also took a pledge to save nature and plant more saplings.

The school plans to launch science, public speaking and debate clubs in coming days.

Hill Top School in Telco observed Grandparents Day with UKG students on Saturday. Grandparents and their granddaughters and grandsons took part in diya decoration, wall hanging and selfie competition.

"The event was a huge success. We celebrated the day to imbibe the importance of the beautiful bonding between the two generations," said school principal Puneeta B. Chouhan.

On the other hand, Kasidih High School imparted self defence lessons to their students. An inter-class karate competition was also held.

"We want more girls to join the karate club as self-defence lessons shouldn't be confined to only boys," said an official of Kasidih High School.



**PET PROJECT: Students with their planters at Rajendra Vidyalaya in Jamshedpur on Saturday.** Picture by Bhola Prasad

The Telegraph SUNDAY 29 APRIL 2018

## ब्रीफ न्यूज



# राजेंद्र विद्यालय में मना पर्यावरण संरक्षण दिवस

**जमशेदपुर**. राजेंद्र विद्यालय परिसर में शनिवार को इको क्लब की ओर से पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया. इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में इधर-उधर पड़े बोतलों में पौधा रोपण किया. इसके लिए बोतलों को व्यवस्थित रूप दिया गया. इन पौधों की देखभाल इको क्लब की ओर से किया जाएगा. क्लब की संचालिका किरण सिन्हा, माधवी झा, मंजुलता मौजूद रहीं. स्कूल की प्राचार्य राखी बनर्जी ने क्लब के सदस्यों को इस कार्य के लिए बधाई दी. विद्यालय कमेटी के अध्यक्ष विवेकानंद ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया. बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी गयी.

प्रभात खबर 29.04.2018

# राजेंद्र विद्यालय में बना पहला गैबेल क्लब



**जमशेदपुर.** राजेंद्र विद्यालय में पढ़ाई करने वाले बच्चों को स्मार्ट बनाने की तैयारी की गयी है. इसे लेकर स्कूल में गैबेल क्लब की स्थापना की गयी है. इस क्लब के जरिये स्कूली बच्चों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट के गुर सिखाये जायेंगे. जिसके तहत बच्चों में पब्लिक स्पीकिंग, सेल्फ डेवलपमेंट, बॉडी लैंग्वेज, पॉजिटिव थिंकिंग समेत कई अन्य अच्छी बातें सिखायी जायेगी. क्लब की मॉडरेटर डॉ चेतना वर्मा को बनाया गया है. वे समय-समय पर स्कूली बच्चों को उक्त चीजों का प्रशिक्षण देंगी. प्रिंसिपल राखी बनर्जी ने बताया कि उक्त क्लब इस्टर्न इंडिया में स्कूलों में चलने वाला पहला क्लब है. जाहिर तौर पर इसका फायदा स्कूली बच्चों को होगा. उन्होंने बताया कि 18 साल से ज्यादा उम्र के लोग भी इसमें शामिल हो सकेंगे. हालांकि 18 साल से ज्यादा उम्र वर्ग के लोगों के लिए संचालित होने वाले क्लब का नाम स्टील टोस्ट मास्टर रखा गया है. 20 अप्रैल को इसकी स्थापना की गयी है.

प्रभात खबर 23.04.2018

# चार छात्रों को किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना

**जमशेदपुर**. बेंगलुरू की रिसर्च संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस की ओर से लिये गये किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में शहर के 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है. इसमें राजेंद्र विद्यालय के 2 विद्यार्थी शामिल हैं. सिद्धार्थ वत्स को सर्वश्रेष्ठ 352 रैंक हासिल हुआ है. जबकि राजेंद्र विद्यालय के ही मयंक झा का चयन भी इस पुरस्कार के लिए हुआ है. जानकारी के मुताबिक लोयोला स्कूल के छात्र सर्वेश चंद्रा का चयन भी किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए हुआ है. गौरतलब है कि इसमें शामिल होने के लिए नवंबर में लिखित परीक्षा हुई थी. इस परीक्षा में सफलता हासिल करने के बाद फरवरी में इंटरव्यू हुआ. दोनों ही परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को कोलकाता बुलाया गया था. लिखित परीक्षा में 75 फीसदी का वेटेज जबकि इंटरव्यू का 25 वेटेज के बाद मेरिट तैयार की गयी. जिसमें शहर के 4 विद्यार्थियों का चयन हुआ. उक्त चयनित विद्यार्थियों को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरू की ओर से स्कॉलरशिप दी जायेगी. इस सफलता से स्कूल



मयंक झा




सिद्धार्थ वत्स

की प्रिंसिपल राखी बनर्जी व स्कूल मैनेजिंग कमेटी के सचिव सीपीएन सिंह ने उत्साह जताया. कहा कि इससे स्कूल के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है. ताकि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को रिसर्च के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिले.


गौरतलब है कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से स्कूल में पढ़ाई करने वालों के साथ ही स्नातक स्तर के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1999 से की गयी है. जिसके जरिये देश के करीब 1000 विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान की जाती है.

प्रभात खबर 21.04.2018

# आरवी शिक्षा व शिक्षा निकेतन में बंटे अंक



अभिनंदन झा



अंकित

**जमशेदपुर.** को-ऑपरेटिव कॉलेज मैदान में राजेंद्र विद्यालय व शिक्षा निकेतन के बीच खेला गया जेएससीए स्कूल लीग का एक मुकाबला बारिश के कारण रद्ध करना पड़ा. आरवी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में चार विकेट पर 197 रन बनाये थे, कि बारिश ने खलल डाल दी. इसके बाद मैच दोबारा से शुरू नहीं हो सका. दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले. आरवी की ओर से अभिनंदन झा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 61 गेंद में 98 रन व अंकित राज ने 33 गेंद में 60 रन की पारी खेली. ओमकार साहु को दो विकेट मिला.

प्रभात खबर 15.04.2018

## जेएससीए स्कूल लीग

# आरवी सात विकेट से जीता

**जमशेदपुर**. को-ऑपरेटिव मैदान में खेले गये जेएससीए स्कूल लीग के एक मुकाबले में राजेंद्र विद्यालय की टीम ने डीएवी बिष्टुपुर को सात विकेट से हराया. डीएवी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में आठ विकेट पर 77 रन बनाये. सुशांत पांडे ने 30 रन, अभिजीत ने 16 रन व वेदुला आदित्य ने 15 रन बनाये. राजेंद्र विद्यालय की ओर से अंकित राज ने तीन व हर्ष वर्मा ने दो विकेट लिये. जवाब में राजेंद्र विद्यालय की टीम 7.2 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाकर मैच जीत लिया. देवमाल्या घोष ने 31 व अंकित राज ने 20 रन की पारी खेली. एक मैच अन्य मैच में सेंट मेरीज इंग्लिश स्कूल की टीम को सेंट्रल करीमिया के खिलाफ वॉकओवर मिला.

प्रभात खबर 19.04.2018